MPHIN/2023/88306

डाक पंजीकरण संख्या मंदसौर / 405/ 2024-26

# यशस्वी दुनिया

खबर वही सोच नई...

साप्ताहिक

सम्पादक
कैलाश विश्वकर्मा
मो.7898341111

yashasviduniya@gmail.com

वर्ष -3 अंक -46 मंदसौर, 6 मई 2026 बुधवार से 12 मई 2026 तक पृष्ट -4 कीमत 2 रू.

## पशुपतिनाथ गर्भगृह में लगाया कूलर मन्दसौर में भीषण गर्मी, पुजारी बोले- सर्दी में कंबल भी ओढ़ाते हैं



मंदसौर । जिले में इन दिनों भीषण गर्मी का असर साफ तौर पर देखने को मिल रहा है। तापमान 40 डिग्री सेल्सियस पहुंचने से आमजन बेहाल हैं। इसी बीच शहर के शिवना तट स्थित विश्व प्रसिद्ध अष्टमुखी भगवान पशुपतिनाथ मंदिर में भक्तों ने गर्भगृह में कूलर की व्यवस्था की है। भक्तों का कहना है कि भगवान को गर्मी से राहत देने के लिए कूलर लगाया है।

### गर्भगृह तक पहुंच रही ठंडी हवा

मंदिर प्रबंधन द्वारा लगाए गए कूलर से अष्टमुखी भगवान पशुपतिनाथ की प्रतिमा तक ठंडी हवा पहुंच रही है। प्रबंधन का कहना है कि उद्देश्य यह है जिस तरह आमजन गर्मी से बचाव करते हैं, उसी प्रकार भगवान की सेवा में भी कोई कमी न रहे। मंदिर के पुजारी राकेश भट्ट ने बताया कि यहां भगवान को जीवंत स्वरूप मानकर पूजा जाता है। सर्दी के मौसम में जहां भगवान को कंबल ओढ़ाया जाता है, वहीं गर्मी में उन्हें ठंडक पहुंचाने के लिए कूलर लगाया जाता है। यह परंपरा श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक है। मंदिर में आने वाले श्रद्धालु भी इस व्यवस्था को लेकर उत्साहित नजर आ रहे हैं। उनका मानना है कि भगवान की सेवा उसी प्रकार की जानी चाहिए, जैसे किसी जीवित व्यक्ति की की जाती है।

### गांधी सागर में क्रूज चलना फिलहाल बंद

## पर्यटक मायूस होकर लौटे, अफसरों ने जबलपुर में हादसे के बाद कई घाटों का निरीक्षण किया

गरोठ। जबलपुर में हुए क्रूज बोट हादसे के बाद अब मंदसौर जिला प्रशासन भी पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। यात्रियों की जान जोखिम में न आए, इसके लिए कलेक्टर के आदेश पर गांधी सागर जलाशय में चलने वाली बोटों की जांच-पड़ताल शुरू कर दी गई है।

रविवार को गरोठ एसडीएम चौहान ने गांधी सागर के अलग-अलग घाटों का दौरा किया। उन्होंने शामगढ़ इलाके के गर्डा, मौला खेड़ी और बोरखेड़ी घाटों पर जाकर आठ मोटर बोटों को चेक किया।

जांच के दौरान कुछ बोटों में तकनीकी कमियां पाई गईं, जिन्हें तुरंत ठीक करने के आदेश दिए गए हैं। एसडीएम ने साफ कर दिया है कि जब तक ये कमियां दूर नहीं होंगी, तब तक इन बोटों को चलाने की इजाजत नहीं दी जाएगी।

### क्रूज का संचालन बंद, पर्यटक हुए मायूस

जबलपुर की घटना के बाद एहतियात के तौर पर गांधी सागर में क्रूज का चलना फिलहाल पूरी तरह बंद कर दिया गया है। इसकी वजह से दूर-दराज से आए पर्यटकों को थोड़ी निराशा हाथ लगी।

गाजियाबाद से आई सैलानी सौम्या ने कहा कि जबलपुर जैसी घटनाएं डराने वाली हैं, इसलिए प्रशासन को सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने चाहिए ताकि लोग बेखौफ होकर घूम सकें।




### लाइफ जैकेट पहनना जरूरी

गांधी सागर में बोट चलाने वाले हेमंत ने बताया कि फिलहाल बड़े क्रूज तो बंद हैं, लेकिन बाइक बोट और दूसरी छोटी बोटों का संचालन जारी है। सुरक्षा को लेकर अब कोई समझौता नहीं किया जा रहा है; हर यात्री को लाइफ जैकेट पहनना जरूरी कर दिया गया है। बिना जैकेट के किसी को भी पानी में जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है।

### सुरक्षा पहली प्राथमिकता

प्रशासन का कहना है कि वे पर्यटन को बढ़ावा देना चाहते हैं, लेकिन यात्रियों की सुरक्षा से बढ़कर कुछ नहीं है। मरम्मत और जांच का काम पूरा होने के बाद ही सभी सेवाओं को फिर से सुचारू रूप से शुरू किया जाएगा। फिलहाल घाटों पर निगरानी बढ़ा दी गई है ताकि नियमों का पालन होता रहे।

# 7 मई से 10वीं-12वीं की द्वितीय परीक्षाएं शुरू

, भोपाल। मध्यप्रदेश में 10वीं और 12वीं की द्वितीय बोर्ड परीक्षाएं सात मई से शुरू होने जा रही हैं। इस बार कुल 4.89 लाख विद्यार्थियों के फेल होने के बावजूद केवल 3.42 लाख विद्यार्थियों ने ही परीक्षा के लिए आवेदन किया है। इसका मतलब है कि करीब 70 प्रतिशत विद्यार्थी ही द्वितीय परीक्षा में शामिल होंगे, जबकि शेष 30 प्रतिशत विद्यार्थियों ने आवेदन नहीं किया। माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) द्वारा आवेदन की अंतिम तिथि सोमवार को समाप्त हो रही है। परीक्षा से जुड़े गोपनीय कार्यों का वितरण मंगलवार से शुरू होगा।

### पूरक परीक्षा के स्थान पर द्वितीय परीक्षा

बोर्ड अधिकारियों के अनुसार इस वर्ष भी पूरक परीक्षा के स्थान पर द्वितीय परीक्षा आयोजित की जा रही है, जिसकी पूरी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। परीक्षा प्रक्रिया पहले की तरह ही सख्ती और पारदर्शिता के साथ संपन्न कराई जाएगी। बता दें कि 10वीं की परीक्षाएं सात से 19 मई तक और 12वीं की सात से 25 मई तक संचालित होंगी।

### सुरक्षा और निगरानी के विशेष इंतजाम

मंडल ने परीक्षा संचालन के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं।




प्रश्नपत्रों को पुलिस थानों में सुरक्षित रखा जाएगा और केंद्राध्यक्ष, सहायक केंद्राध्यक्ष और कलेक्टर प्रतिनिधि की निगरानी में परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाया जाएगा। इस बार भी ऑनलाइन एप के माध्यम से परीक्षा की निगरानी की जाएगी।

### प्रदेश में 624 परीक्षा केंद्र बनाए गए

प्रदेश भर में कुल 624 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें राजधानी में लगभग 24 केंद्र शामिल हैं। संवेदनशील और अतिसंवेदनशील केंद्रों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई है। दोनों कक्षाओं की परीक्षाएं सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होंगी। विद्यार्थियों को परीक्षा केंद्र पर सुबह 8 बजे तक पहुंचना अनिवार्य होगा, जबकि निर्धारित समय से 15 मिनट पहले तक ही प्रवेश दिया जाएगा। प्रायोगिक परीक्षाएं 7 मई से 25 मई के बीच संबंधित केंद्रों पर आयोजित होंगी, जिनकी जानकारी विद्यार्थियों को स्कूलों से प्राप्त होगी।

# संपादकीय

## बंगाल में कमल का खिलना !

देश के चार राज्यों तमिलनाडु केरल, असम व प. बंगाल के साथ एक केन्द्र प्रशासित क्षेत्र पुडुचेरी में गत माह सम्पन्न हुए विधानसभा चुनावों में मतदाताओं ने जिस प्रकार का जनादेश दिया है उसने केन्द्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी की झोली वोटों से भर दी है, मगर दूसरी ओर उसने कांग्रेस पार्टी को भी निराश नहीं किया है। एक तरफ असम, बंगाल व पुडुचेरी में जनता ने भाजपा व उसके गठबन्धन एनडीए को गद्दी सौंपी है तो दूसरी तरफ केरल में उसने कांग्रेस के गठबन्धन को सत्ता के आसन पर बैठा दिया है। मगर भाजपा को दोहरी सफलता मिली है। प. बंगाल में इस पार्टी ने धुआंधार धमाकेदार जीत दर्ज करके पिछले 15 वर्षों से शासन कर रही क्षेत्रीय पार्टी तृणमूल कांग्रेस से सत्ता छीन ली है।

इन चुनावों में प. बंगाल के चुनावों पर पूरे देश की नजर थी क्योंकि यहां भाजपा की तृणमूल कांग्रेस से सीधी टक्कर थी और भाजपा के पास कोई कद्दावर क्षेत्रीय नेता भी नहीं था। यह एक कड़ुवा सच है कि स्व. प्रोफेसर हरिपद भारती के बाद जनसंघ या भाजपा का राज्य में कोई ऐसा कद्दावर नेता नहीं हुआ है जिसके नेतृत्व को आगे रख कर पार्टी चुनावी मैदान में उतरती। अतः पार्टी ने प्रधानमन्त्री श्री नरेन्द्र मोदी के चेहरे पर चुनाव लड़ा, जिसकी रणनीति स्वयं गृहमन्त्री श्री अमित शाह ने बनाई। इससे यह भी सिद्ध हो गया कि श्री मोदी की लोकप्रियता में राष्ट्रीय स्तर पर किसी प्रकार की कमी नहीं आयी है।

राज्यों के ये चुनाव अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर चल रहे पश्चिम एशिया युद्ध के साये में हुए जिसका असर भारत की अर्थव्यवस्था पर भी पड़ रहा था। विपक्षी नेताओं ने इस युद्ध को लेकर श्री मोदी व उनकी सरकार की कड़ी आलोचना भी की मगर देश की जनता पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा। युद्ध के कुप्रभावों से भारत को बचाने में मोदी सरकार ने जो रणनीति बनाई और पैट्रोल-डीजल व ईंधन गैस के दामों को जिस प्रकार थामे रखा, उसका असर यह पड़ा कि लोगों में सरकार की छवि बरकरार रही और इसका लाभ उसे चुनावों में भी मिला। इसके साथ ही इन राज्यों में जहां-जहां भी भाजपा मौजूद थी वहां उसके पक्ष में हवा चली। असम व पुडुचेरी में पहले से ही भाजपा-एनडीए सरकारें थीं। इन राज्यों में सत्ता विरोधी लहर नहीं चल पाई और भाजपा को विजयश्री मिली। साथ ही बंगाल में जहां भाजपा विपक्ष में थी वहां इसे सत्ता कब्जाने में सफलता प्राप्त की। इसका प्रमुख कारण भी श्री मोदी की लोकप्रियता ही मानी जा रही है। मगर इसके पीछे हिन्दू-राष्ट्रवाद का सिद्धान्त भी काम कर रहा है जो कि भाजपा की मुख्य विचारधारा है। प. बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की ममता दी सरकार को हराना लोहे के चने चबाने जैसा था मगर यहां भी मोदी मैजिक काम आया, क्योंकि राज्य में प्रधानमन्त्री ने घोषणा कर दी थी कि राज्य के सभी भाजपा प्रत्याशियों को दिया गया वोट उन्हें ही दिया गया वोट समझा जायेगा। हालांकि इस राज्य में भाजपा को बहुत कड़ी मेहनत करनी पड़ी और अपने चुनाव प्रचार को बहुत धारदार बनाना पड़ा। राज्य में ममता दी की पार्टी ने भाजपाई नेताओं को बाहरी बता कर जो प्रचार किया उसे जनता ने पसन्द नहीं किया और प्रखर राष्ट्रवाद के पक्ष में अपनी राय व्यक्त की। ऐसा पहली बार हुआ कि यह राज्य जनसंघ या भाजपा की झोली में गया। इससे इस पार्टी के संस्थापक डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का सपना भी पूरा हुआ। बंगाल के भाजपा की झोली में आने के बाद अब गंगोत्री (उत्तराखंड) से लेकर गंगासागर (बंगाल) तक के राज्यों में भाजपा का शासन ही हो गया है। जहां तक केरल में कांग्रेस की जीत का सवाल है तो इस राज्य में भाजपा का कोई खास वजूद नहीं है मगर कांग्रेस ने यहां मार्क्सवादी पार्टी के गठबन्धन को पराजित करके सिद्ध कर दिया कि भारत जैसे धर्म प्राण देश में कम्युनिस्ट सिद्धान्तों की कोई आवश्यकता नहीं है।

# किसानों ने स्वेच्छा से हटाए रास्ते के अतिक्रमण

## राहगीर अभियान सफल; मेड़ और बाड़े हटाए

मंदसौर। जिले के गरोठ उपखंड में एसडीएम राहुल चौहान के नेतृत्व में राहगीर अभियान तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सार्वजनिक रास्तों, सड़कों और सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाकर आवागमन को सुगम बनाना है। हाल ही में रविवार भानपुरा तहसील के ग्राम गोवर्धनपुरा में इस अभियान को बड़ी सफलता मिली।



गोवर्धनपुरा में गांव के कई किसानों ने स्वेच्छा से रास्ते पर हुए अतिक्रमण को हटाने में सक्रिय भागीदारी की। किसानों ने बिना किसी दबाव या विवाद के अपने खेतों की मेड़, बाड़ और अन्य अवरोध हटाए। इस स्वैच्छिक सहयोग ने प्रशासन के प्रयासों को नई दिशा दी है।

### एसडीएम ने की ग्रामीणों से चर्चा

अभियान के दौरान एसडीएम राहुल चौहान ने ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। उन्होंने बताया कि राहगीर अभियान केवल अतिक्रमण हटाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जनजागरूकता, सामुदायिक सहभागिता और विकास कार्यों को गति देने का एक माध्यम भी है। भानपुरा क्षेत्र में यह अभियान सकारात्मक परिणाम दे रहा है, जहां कई गांवों में लोग स्वयं आगे आकर रास्ते साफ करवा रहे हैं।

प्रशासन का मानना है कि जब स्थानीय लोग स्वयं जिम्मेदारी लेते हैं, तो विकास कार्य अधिक प्रभावी और स्थायी होते हैं। गोवर्धनपुरा का यह उदाहरण आसपास के गांवों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना है। आने वाले दिनों में यह अभियान अन्य गांवों में भी विस्तारित किया जाएगा।

राहगीर अभियान न केवल सड़क सुरक्षा और सुगम यातायात सुनिश्चित कर रहा है, बल्कि ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति विश्वास भी बढ़ा रहा है।

### अभियान में लाई जा रही तेजी

एसडीएम राहुल चौहान ने बताया कि मंदसौर जिले के गरोठ खंड में किसानों की आपसी सहमति से खेत के रास्तों को दुरुस्त करने का यह अभियान लगातार जारी रहेगा और इसमें और तेजी लाई जाएगी।


ट्रेवल्स अहमदाबाद, इंदौर, भोपाल, राजकोट, सुरत, बड़ौदा, उज्जैन

मधुर काँटा की नई सौगात
इलेक्ट्रानिक तोलकाँटा

दूध डेयरी का सामान





डेयरी संबंधित सभी प्रकार की मशीन व मशीन के पार्ट्स उचित दाम पर मिलते है एवं सभी प्रकार की मशीनें रिपेयरिंग की जाती है।

साथ ही

आपके मकान, दुकान, गोडाऊन व व्यावसायिक स्थल की सुरक्षा हेतु CCTV कैमरे लगवाईये।

L.E.D. T.V., नोट काउंटिंग मशीन वारंटी व गारंटी के साथ

हमारे यहाँ सभी प्रकार के पुराने CCTV कैमरे रिपेयर भी किये जाते हैं

मधुर इंटरप्राइजेस ट्रेवल्स & कोरियर

प्रोप्रा. अनुप जैन (कदुभाई), गरोठ वाले

शिव हनुमान मंदिर के पास, मेनरोड़, बस स्टेण्ड, शामगढ़ Mob. 9977003920, 9179928540, 8224851378, 8889305176, 9685258614, 9174077485

हास्पीटल रोड़, गरोठ 9713314588, 7225855268






प्रो-टीपू शेख, मो-9893112773 आदिल मो-9806741851

राज लाइट डेकोरेशन

एण्ड डीजे साउंड

हमारे यहां लाईट डेकोरेशन, डीजे साउण्ड, जनरेटर, 5 केवीआर से 125 केवीआर जनरेटर व्यवस्था एवं इलेक्ट्रीक फीटिंग कार्य भी किया जाता है। जनरेटर खरीदे व बेचे जाते है। ए टू जेड जनरेटर व्यवस्था।



चामुण्डा कालोनी, माकड़ी माताजी रोड, शामगढ़



ज्योति ऑप्टीकल एण्ड आई केयर

आईसीआईसीआई बैंक के सामने, सुभाष मार्ग, शामगढ़


Mob.9752457614,9893826814

आधुनिक मशीनों द्वारा आंखो की जांच कर चश्मे बनाये जाते है विश्वसनीय कम्पनियों के चश्मे व गॉगल।

नैत्र रोग विशेषज्ञ- डॉ. विक्रांत भावसार

प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को उपलब्ध रहेगें

समय प्रातः 10 से 1 बजे तक



# भावगढ़ पुलिस को मिला अवैध कैमिकल 27 किलोग्राम एसीटीक एनहाईड्रेड जप्त – एक गिरफ्तार एक फरार



मन्दसौर। पुलिस कंट्रोल रूम से प्राप्त जानकारी अनुसार भावगढ़ थाना प्रभारी भावगढ उनि सुरेन्द्र सिंह सिसोदिया व उनकी टीम के द्वारा थाना भावगढ क्षेत्रान्तर्गत विधि विरूध्द बालक के कब्जे से 27 किलोग्राम एसिटिक एनहाईड्रेड जप्त कर विधि विरूध्द बालक को अभिरक्षा मे लिया गया। भावगढ़ पुलिस द्वारा रात्री मे संदिग्ध वाहनो की चेकिंग के दौरान निम्बोद बेहपुर रोड चांदाखेडी फंटा पर चेकिंग के दौरान निम्बोद तरफ से पर एक टीवीएस मोटर सायकल पर दौ व्यक्ति बीच मे एक कैन लिये बेठे थे जो पुलिस को देखकर भागने लगे जिन्हे फोर्स की मदद से मोटर सायकल को घेराबन्दी कर पकडने का प्रयास किया जो पीछे बेठा व्यक्ति अन्धेरे का फायदा उठाकर भाग गया तथा मोटर सायकल पर सवार एक विधि विरूध्द बालक द्वारा बताया गया की उक्त एसीटीक एनहाईड्रेड का प्रयोग युवराज सिंह पिता भगवान सिंह राजपुत निवासी रणायरा थाना कालूखेडा जिला रतलाम (म.प्र.) के द्वारा बडी मात्रा मे अवैध मादक पदार्थ बनाने मे प्रयुक्त होना है विधि वरूध्द बालक के कब्जे से कुल 27 किलोग्राम एसीटीक एनहाईड्रेड कैन मे एंव एक टीवीएस मोटर सायकल जप्त कर विधि विरूध्द बालक को अभिरक्षा मे लिया गया। अग्रिम अनुसंधान कर प्रकरण मे अपराध क्र. 79/26 धारा 8/15,9, 25 एनडीपीएस एक्ट का पंजीबद्ध किया गया व अन्य आरोपी व अपराध के संबंध में संलिप्त व्यक्तियो को चिन्हीत कर दोषियो के विरूध कडी कार्यवाही की जावेगी।

फरार आरोपी का नाम 1. युवराज सिंह पिता भगवान सिंह राजपुत निवासी रणायरा थाना कालूखेडा जिला रतलाम, मामले में थाना भावगढ की टिम का सराहनीय योगदान रहा।


सरदार पटेल
Cure With Care
मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर
प्रत्येक शनिवार दोप. 11 से 3 बजे तक
डॉ. रघुवीरसिंह
MBBS, M.S.
हड्डीएवं कमर रोग विशेषज्ञ
✲ हड्डियों से संबंधित सभी प्रकार की बिमारियों का ईलाज एवं आपरेशन।
✲ सभी प्रकार के कमर एवं जोड़ो से संबंधित ईलाज
✲ सभी प्रकार की नसों से संबंधित समस्या का ईलाज।
✲ सायटिक का ईलाज
✲ सभी प्रकार के फ्रेक्चर का सम्पूर्ण ईलाज।
✲ गठियावात, दर्द का सम्पूर्ण ईलाज।
✲ घुटनों एवं जोड़ों का दर्द का ईलाज।
✲ बच्चों की जन्मजात विकृतियों का ईलाज।
✲ लिगामेंट इंजरी का ईलाज।
प्रत्येक रविवार दोप. 11 से 3 बजे तक
डॉ. भारद्वाज
MBBS, DCH
शिशु रोग विशेषज्ञ
✲ बच्चों का चिड़चिड़ापन
✲ लार टपकना
✲ बोल नहीं पाना, हकलाना
✲ झटके आना
✲ बार बार बुखार आना
✲ शारीरिक विकलांगता
✲ वजन/ लंबाई का ना बढना
✲ बच्चों में जन्म से पीलिया होना
✲ बार बार सर्दी खांसी होना
✲ बच्चों को भूख नहीं लगना
✲ बच्चों में खून की कमी
✲ बच्चों के छुटे हुए टिके
✲ बच्चों का वजन नहीं बढ़ना
✲ रोग प्रतिरोग क्षमता बढ़ाने हेतु समस्त प्रकार के वैक्सीन
सोनोग्राफी एवं स्त्री रोग संबंधित सभी ऑपरेशन अनुभवी
डॉ. दीपिका शर्मा
MBBS DGO Obs & gynec
स्त्री एवं प्रसुति रोग विशेषज्ञ
सरदार पटेल हॉस्पिटल में नियमित रूप से उपलब्ध
ए.सी. ऑपरेशन थिएटर
कम्प्यूटराईज्ड लेब
मेडिकल
एंबुलेंस
ICU
ECG
रजिस्ट्रेशन करवाने हेतु सम्पर्क करें – 9630656214
पता – 10, गरोठ रोड़, सरदार पटेल मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल शामगढ़, जिला–मंदसौर (म.प्र.) कोड नं. 458883


# बस के सामने आने से बाइक अनियंत्रित, दो घायल–एक की हालत गंभीर, मुंडन से लौटने के दौरान मंदसौर–सीतामऊ रोड पर हादसा

मंदसौर। जिले के चिरमोलिया के नजदीक रविवार रात एक सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार दो लोग घायल हो गए। बस के सामने अचानक आने से बाइक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे जा गिरी। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत डायल 112 को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने पहुंचकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

जानकारी के अनुसार राधेश्याम (45) पिता रमेश चंद्रवंशी और श्यामलाल (35) पिता रामचंद्र चंद्रवंशी मोटरसाइकिल से मंदसौर के सिंदपन से खजूरी देवड़ा गांव की ओर जा रहे थे। इसी दौरान मंदसौर-सीतामऊ रोड पर चिरमोलिया के पास एक बस सामने आ गई, जिससे बाइक अनियंत्रित हो गई और दोनों सवार गिर पड़े।

### पहले सीतामऊ, फिर जिला अस्पताल रेफर

हादसे में श्यामलाल को सिर, मुंह, हाथ और पैर में गंभीर चोटें आई हैं, जबकि राधेश्याम के सिर, दोनों हाथ और पैरों में चोट लगी है। दोनों को पहले सीतामऊ अस्पताल ले जाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर उन्हें मंदसौर जिला अस्पताल रेफर किया गया। फिलहाल दोनों का उपचार जारी है।



### मुंडन कार्यक्रम से लौटते वक्त हुआ हादसा

बताया जा रहा है कि दोनों व्यक्ति मंदसौर के पास स्थित सिंदपन गांव में एक मुंडन कार्यक्रम में शामिल होने आए थे और रविवार रात वापस अपने गांव खजूरी देवड़ा लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में यह हादसा हो गया। दोनों घायल रतलाम जिले के आलोट थाना क्षेत्र के खजूरी देवड़ा गांव के निवासी हैं। हादसे में श्यामलाल की हालत ज्यादा गंभीर बताई जा रही है।


NOBLE
Computer Academy
मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय द्वारा
DCA
PGDCA
CPCT
BASIC
Tally
Accounting Course only 45 Days
संचालक
राजमल मांदलिया
9977105210
Punjabi Colony, Shamgarh



गोपाल पटेल 9826055169
अर्जुन पटेल 9981235380
गोपाल जी (मट्टा सेठ) 9893633622
खाती पटेल
लाईट डेकोरेशन, डी.जे साउण्ड
शादी पार्टी में लाइट डेकोरेशन जनरेटर डीजे के लिये सम्पर्क करे
पता - गायत्री शक्तिपीठ के पास सगोरिया रोड़ शामगढ़



शामगढ़ में अमूल दूध अब ओम दूध डेयरी पर
शुद्ध और पोष्टिक दुध, घर से घर तक
Amul DOODH
अमूल गोल्ड
Now in SHAMGARH
6 लीटर और 1 लीटर उपलब्ध
उच्च क्वालिटी, पूर्ण मात्रा
शादी पार्टी में डिलेवरी हेतु सम्पर्क करे
9926839024
अधिकृत विक्रेता ओम दूध डेयरी
नगर परिषद काम्पलेक्स, शामगढ़

# शिवना शुद्धिकरण अभियान में विधायक विपिन जैन ने कहा शिवना नदी को प्रदूषित करने वाले बनेंगे पाप के भागी

## रविवार को शिवना नदी से 3 ट्राली कचरा निकाला गया

मंदसौर । शिवना शुद्धिकरण अभियान के 104वें दिन श्रमदानियों ने पूरे उत्साह के साथ श्रमदान में भाग लिया । इस दौरान नदी में जमी हुई गंदगी और प्लास्टिक कचरे को बाहर निकाला गया जो लंबे समय से जल को दूषित कर रहा था । इसके साथ ही नदी किनारे फैली कटीली झाड़ियां और गाजर घास को भी साफ किया गया । ये झाड़ियां केवल नदी के प्राकृतिक सौंदर्य को ही नुकसान नहीं पहुंचा रही थीं बल्कि आसपास के वातावरण को भी प्रभावित कर रही थीं । नदी में जमा कचरे के कारण पानी की शुद्धता लगातार कम हो रही थी, जिससे पर्यावरण और जीव-जंतुओं पर भी नकारात्मक असर पड़ रहा था ।



इस अवसर पर विधायक श्री विपिन जैन ने कहा कि सभी श्रमदानियों के सामूहिक प्रयास से हम शिवना को पूर्ण स्वच्छ करके रहेंगे । शिवना नदी को प्रदूषित करने वाले पाप के भागी बनेंगे ।श्री जेन ने आगे कहा कि इस अभियान में सामूहिक रूप से आए समाजजन के लोगों के साथ साथ महिलाओं,युवाओं और बुजुर्गों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जो समाज में जागरूकता और जिम्मेदारी का प्रतीक है । श्री जैन ने सभी मंदसौर वासियों से आहवान किया कि शिवना शुद्धिकरण अभियान में प्रतिदिन श्रमदान करने जरूर पधारे ।

शिवना शुद्धिकरण अभियान के 104वे दिन श्रमदान करने वालों में सर्वश्री विधायक विपिन जैन साथ ही कई समाज से आए समाजजन में नागर ब्राह्मण समाज से बाबूलाल नागर,गोविंद नागर, मोहन नागर,मोहन नागर, डॉ राजेंद्र नागर, योगेंद्र नागर, बालकृष्ण नागर सिंधी समाज से आए सर्वश्री वासुदेव सेवानी,दृष्टानंद नैनवानी राजेश चाहूजा,लक्ष्मण मेघनानी,कैलाश मेघनानी,मनोज सेवानी,भगवान दास वासवानी,समाज सेवियों में सर्वश्री हेमराज खाबिया , रमेश सोनी,भंवरलाल प्रजापत,सत्येंद्र सिंह सोम,राकेश जैन पिंटू,सुरेंद्र कुमार रामावत,नमन पालीवाल,पंकज जैन,गर्विश रामनानी,विक्रमसिंह चंद्रावत,गौरव जैन,अमलावद गांव से कैलाश कुमावत,मनीष मीणा ,महिला नेत्रीयों में इष्टा भाचावत,अनीता भदोरिया,प्रमिला पंवार कांग्रेसजन मे तरूण खिंची,दिलीप देवड़ा,संजय सोनी,मनोहर नाहटा,अभिषेक पाटीदार,खलील पठान,संजय नाहर,राजनारायण लाड़,विकास दशोरा,रमेश ब्रिजवानी,विश्वास दुबे,पंकज जोशी,अजय सोनी, बाबूभाई सब्जी फ़रोश,गणपत कुमावत, गणपत राठौर, गगन माली,शैलेश माली,,सुनील मेहता,कैलाश टेलर,दीपक लाड़,ऋषिराज लाड़ ,गोपाल बंजारा, कनिष्क सोनी,आदि श्रमदान में उपस्थित रहे ।

# राजेश व्यास बने नीमच के नए एसपी



नीमच । मध्य प्रदेश पुलिस मुख्यालय (PHQ) भोपाल ने शनिवार देर रात 62 आईपीएस अधिकारियों की तबादला सूची जारी की। इस बड़े फेरबदल में कई जिलों के पुलिस प्रमुख बदले गए हैं। इसका मकसद प्रदेश में कानून-व्यवस्था को और मजबूत करना बताया जा रहा है।

**नीमच के एसपी बदले**

इस फेरबदल के तहत नीमच जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) को भी बदला गया है। अब 2016 बैच के आईपीएस अधिकारी राजेश व्यास नीमच के नए एसपी होंगे।

**अंकित जायसवाल को नई जिम्मेदारी**

नीमच के वर्तमान एसपी अंकित जायसवाल का तबादला कर उन्हें भोपाल में रेल पुलिस अधीक्षक (एसपी रेल) बनाया गया है।

**इंदौर से नीमच आएंगे राजेश व्यास**

राजेश व्यास अभी इंदौर में पुलिस उपायुक्त (इंटेलिजेंस और सुरक्षा) के पद पर काम कर रहे थे। उन्हें बड़े शहर में सुरक्षा और खुफिया व्यवस्था संभालने का अच्छा अनुभव है, जिसका फायदा अब नीमच जिले को मिलेगा।

उम्मीद है कि राजेश व्यास जल्द ही नीमच पहुंचकर अपना कार्यभार संभालेंगे। उनके सामने जिले में अपराध नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की जिम्मेदारी होगी।

# सीबीएन ने दो कार्रवाई में 16 क्विंटल डोडाचूरा पकड़ा-स्लेट-पेंसिल की आड़ में तस्करी, उदयपुर-जावरा से 3 गिरफ्तार

नीमच।केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) नीमच ने मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने राजस्थान के उदयपुर और मध्य प्रदेश के जावरा में दो अलग-अलग अभियानों में कुल 1621.530 किलोग्राम (16 क्विंटल से अधिक) अवैध डोडाचूरा जब्त किया है। इन मामलों में तस्करी में प्रयुक्त दो टाटा ट्रकों को भी जब्त किया गया है और तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। नारकोटिक्स विभाग को सूचना मिली थी कि माफिया चूने और स्लेट पेंसिल जैसे वैध व्यापार की आड़ में नशे की बड़ी खेप को ठिकाने लगाने की तैयारी कर रहे हैं। इस खुफिया जानकारी के आधार पर सीबीएन ने दो दिनों के भीतर ये दो बड़ी कार्रवाइयां कीं। पहली कार्रवाई सीबीएन नीमच और उदयपुर की संयुक्त टीम ने उदयपुर बायपास पर सेक्टर-12 हिरण मगरी के पास की। टीम को सूचना मिली थी कि चित्तौड़गढ़ से एक ट्रक डोडाचूरा लेकर गुजरात की ओर जा रहा है। घेराबंदी कर ट्रक को रोका गया। तलाशी के दौरान, ट्रक के ऊपर चूने की बोरियां भरी हुई थीं, लेकिन नीचे 10 प्लास्टिक बैग्स में 204.130 किलोग्राम डोडाचूरा बरामद हुआ। इस मामले में ट्रक ड्राइवर को गिरफ्तार किया गया है। दूसरी बड़ी कार्रवाई जावरा-मंदसौर हाईवे पर चुरूवाला दाल मिल के सामने की गई। सीबीएन को इनपुट मिला था कि प्रतापगढ़ (राजस्थान) से भारी मात्रा में नशा महाराष्ट्र ले जाया जा रहा है। टीम ने रात भर हाईवे पर निगरानी रखी और सुबह संदिग्ध ट्रक को रोका। इस ट्रक में ऊपर स्लेट पेंसिल का माल भरा था, जिसकी आड़ में 70 काले प्लास्टिक कट्टों में 1417.400 किलोग्राम डोडाचूरा छिपाया गया था। इस कार्रवाई में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। सीबीएन अधिकारियों के अनुसार, दोनों ही मामलों में एनडीपीएस एक्ट, 1985 के तहत केस दर्ज किया गया है। विभाग अब तस्करों के पूरे नेटवर्क को खंगाल रहा है ताकि यह पता लगाया जा सके कि यह माल कहां से लाया गया था।

SEBI Reg. 2100274304

17 वर्षो से आपकी सेवा में

THE MONEY MAKER

INVESTMENTS & SOLUTIONS SERVICES

NSE, BSE, MCX, NCDEX Authorized

हमारी सेवाएँ - डिमेट U A/C, IPO, MUTUAL FUND, SIP, TAX सेविंग स्कीम, हैल्थ इंश्यूरेंस, लाईफ इंश्यूरेंस, शेयर ट्रेडिंग, कमोडिटी ट्रेडिंग, करंसी ट्रेडिंग, ऑपशन ट्रेडिंग, गर्वमेंट बॉंड, कॉरपोरेट एफडी एवं फिजिकल शेयर सर्टिफिकेट और म्यूच्वल फंड केश करवाये जाते हैं ।

संपर्क करे-श्री मल्हार काम्पलेक्स

डिम्पल चौराहा, शामगढ़ प्रोप्रा. अमित हरदे

संपर्क करे-मो. 9826783941, 9424083941



समस्या अनेक समाधान एक

अब आप अपने व्यापार एवं जीवन से संबंधित कई कार्य आसानी से कर पाएंगे..सिर्फ एक संपर्क पर

ONE DESK BUISNESS SOLUTIONS PVT LTD

आपके लिए लाया है

GST,Income Ta& ,Loan & Subsidy Services,Trust & Society Registration ,Startup Consultancy,Company/LLP Incorporation

की सेवाओं के साथ सिर्फ एक कॉल पर उपलब्ध संपर्क करे...

पाटिल कॉलोनी H.N 34/35 मंदसौर 458001

Contact us -9109464400 onedeskwy@gmail.com 222.onedeskbiz.com

स्वामित्वाधिकारी, कैलाश विश्वकर्मा के लिए मुद्रक के द्वारा नकुल कंप्यूटर्स एंड ऑफसेट प्रिंटर्स नाकोड़ा परिसर, गली नंबर 2 जीरागंज, मंदसौर (म.प्र.) से मुद्रित कर सुभाष मार्ग, शामगढ़ जिला मंदसौर (म.प्र.) से प्रकाशित,डाक पंजीकरण संख्या मंदसौर / 405/ 2024-26 (संपादक कैलाश विश्वकर्मा) मो. 7898341111 MPHIN/2023/88306